रणजीत टाइम्स
इंदौर
शनिवार, 16 मई, 2026
वर्ष 02 | अंक 121 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

### मप्र हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# धार भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना

● अयोध्या केस को फैसले का आधार बनाया, मुस्लिमों को नमाज की इजाजत देने का आदेश खारिज

**इंदौर/धार (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने धार की भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा- हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना। एंड बेंच के मुताबिक, हाईकोर्ट ने कहा-ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है। केंद्र सरकार और एएसआई यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का मैनेजमेंट कैसा रहेगा। 1958 एक्ट के तहत इस प्रॉपर्टी का पूरा मैनेजमेंट एएसआई के हाथ में ही रहेगा।

अदालत ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था। भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताते रहे मुस्लिम पक्ष को कोर्ट ने सरकार से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा है।



### हाईकोर्ट के फैसले के निम्न बिन्दु

- हाईकोर्ट ने कहा कि भोजशाला में सरस्वती मंदिर और संस्कृत शिक्षा केंद्र के साक्ष्य पाए गए हैं।
- कोर्ट ने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई सर्वे के साथ अयोध्या केस को भी आधार माना।
- कोर्ट ने कहा– हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन स्मारकों और मंदिरों की सुरक्षा निश्चित करे। साथ ही गर्भगृह और धार्मिक आस्था से जुड़ी देव प्रतिमाओं का भी संरक्षण करे।

**एएसआई ने किया था 98 दिन का वैज्ञानिक सर्वे**– 2024 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भोजशाला परिसर का 98 दिन तक वैज्ञानिक सर्वे किया था। इसके बाद 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी पर सुप्रीम कोर्ट ने दिनभर निर्बाध पूजा-अर्चना की अनुमति दी। हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से नियमित सुनवाई शुरू हुई, जो 12 मई तक चली।

**हिंदू पक्ष ने मंदिर होने के दिए तर्क**– हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ताओं ने भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर और प्राचीन विद्या केंद्र बताते हुए ऐतिहासिक दस्तावेज, एएसआई सर्वे, शिलालेख, स्थापत्य अवशेष और वसंत पंचमी पर पूजा की परंपरा का हवाला दिया।

### सुनवाई के दौरान किसने क्या तर्क दिए

**हिंदू पक्ष**– भोजशाला पर प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू नहीं होता। यह एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारक है। प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम 1951 की सूची में भोजशाला का नाम दर्ज है। साल 2024 में अश्विनी उपाध्याय केस में दिए तर्क को भोजशाला मामले में लागू नहीं किया जा सकता। 7 अप्रैल 2003 को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने की मांग। कोर्ट से आग्रह किया कि भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय कर इसे पूर्ण रूप से हिंदू समाज को सौंपा जाए। इससे मां सरस्वती की पूजा और हवन वर्षभर निर्बाध रूप से किया जा सके।

**मुस्लिम पक्ष**– वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन ने कोर्ट में कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि भोजशाला मंदिर है, मस्जिद है या जैनशाला। विवादित स्थल का धार्मिक स्वरूप तय करने का अधिकार सिविल कोर्ट को है। हाई कोर्ट अनुच्छेद 226 के तहत रिट अधिकार क्षेत्र में सुनवाई कर रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने एएसआई सर्वे पर सवाल उठाते हुए कहा कि उपलब्ध कराई गई वीडियोग्राफी स्पष्ट नहीं है। रंगीन तस्वीरें भी नहीं दी गईं। उन्होंने अयोध्या फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां रामलला विराजमान की मूर्ति मौजूद थी। भोजशाला में कोई स्थापित मूर्ति नहीं है।

### जैन समाज

जो प्रतिमा मां वाग्देवी की बताई जा रही है, वह जैन समुदाय की आराध्य मां अंबिका की है। सीहोर में मां अंबिका के मंदिर में ठीक वैसी ही प्रतिमा है, जो भोजशाला में मिली थी। इसे जैन तीर्थ घोषित किया जाना चाहिए।

धार पुलिस कंट्रोल रूम में जिलेभर से करीब 1200 पुलिसकर्मियों को बुलाया गया है। एसपी सचिन शर्मा ने कंट्रोल रूम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पुलिस बल को निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि धार शहर की सुरक्षा 12 लेयर में की गई है। रिजर्व पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स को भी अलर्ट पर रखा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-

# दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों

● एक एयरलाइन 8000 चार्ज करती है, दूसरी 18000; सरकार से कहा- लोगों को थोड़ी राहत दें



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि एक ही दिन, एक ही सेक्टर में उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन कुछ अलग हवाई किराया लेती है जबकि दूसरी एयरलाइनल अलग किराया लेती है। इसे सही किया जाना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार से यात्रियों को राहत देने को कहा।

इस पर केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार इस समस्या पर बहस नहीं कर रही है। इस मुद्दे को बिना किसी विरोध के मान रही है। 2024 का एक नया कानून लागू हो गया है और उससे जुड़े नियमों पर सलाह-मशविरा चल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन की दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने मांग की कि देश में एक मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, जो एयरलाइनों के किराए और एक्स्ट्रा चार्जेस पर निगरानी रखे।

● **याचिकाकर्ता का दावा- नियम पहले, पालन नहीं हो रहा-** लक्ष्मीनारायण के वकील रवींद्र श्रीवास्तव ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्ट 1937 के तहत नियम पहले से ही हैं लेकिन समस्या यह है कि पालन नहीं किया गया। जब तक नए नियम नहीं बन जाते, पुराने नियम जारी रहेंगे। साथ ही कहा गया है कि अगर डीजीसीए को लगता है कि किसी खास स्थिति में, एयरलाइंस बहुत ज्यादा किराया वसूल रही हैं, तो वह निर्देश जारी करेगा।

# पंजाब के किसानों का चंडीगढ़ कूच, पुलिस से भिड़े

● ट्रैक्टरों से बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछारें छोड़ी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के किसानों ने 15 मई को चंडीगढ़ कूच किया। किसान विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिलने जा रहे थे। इसके लिए बड़ी संख्या में किसान मोहाली के बायपीएस चौक पर जुटे, जहां से उनका चंडीगढ़ की ओर बढ़ने का कार्यक्रम था। किसानों के मार्च को देखते हुए पुलिस पहले से अलर्ट पर रही। पुलिस ने बायपीएस चौक से चंडीगढ़ जाने वाले मुख्य रास्ते को सील कर दिया। इसके अलावा सेक्टर-50 की ओर जाने वाली सड़क पर भी भारी बैरिकेडिंग की गई, क्योंकि यह रास्ता राज्यपाल के आसपास के इलाके की तरफ जाता है। इसके बावजूद किसान आगे सेक्टर-50 वाले मार्ग पर आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। मौके पर तनाव बढ़ गया और किसानों व पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बन गई। किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ लगी लोहे की चेन की मदद से बैरिकेडिंग उखाड़ दी और आगे बढ़ने का प्रयास किया।



# आवासीय क्षेत्र में कथित अवैध अतिक्रमण से रहवासी परेशान, थाना प्रभारी को सौंपा आवेदन

इंदौर के रॉयल बंगलोज हाउसिंग सोसायटी, शिवालय कॉलोनी बिजलपुर क्षेत्र में रहवासियों ने मकानों के सामने किए गए कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों द्वारा आवासीय क्षेत्र में कब्जा कर रास्ता बाधित किया जा रहा है, जिससे कॉलोनीवासियों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### रहवासियों का कहना है

»» वे लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और परिवारों को मुख्य सड़क से घर तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है, जिससे मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई है।

»» क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और कॉलोनी में सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

»» रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च न्यायालय तक शिकायत करेंगे।

»» बैंक कर्मचारी अनुराग लाड ने भी प्रशासन से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

# मप्र में 10 से 16 जून के बीच पहुंचेगा मानसून

## कटनी में ओले, उमरिया में बारिश से भीगा गेहूं, 11 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश में मानसून 10 से 16 जून के बीच दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस बार मानसून केरल में 26 मई के आसपास पहुंचने की संभावना है। इसके बाद यह आगे बढ़ते हुए मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगा। अनुमान है कि मानसून प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- खंडवा, खरगोन, बड़वानी और बुरहानपुर के रास्ते एंट्री ले सकता है।



मौसम विभाग के अनुसार, इस बार प्रदेश के अधिकांश जिलों में सामान्य बारिश होने की संभावना है। औसतन 30 से 32 इंच बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा और सीहोर में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान है, जबकि इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में सामान्य या उससे कम बारिश हो सकती है।

### कई जिलों में बारिश, गेहूं भीगा

इधर, मानसून की आहट के बीच प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। शुक्रवार शाम कटनी में तेज आंधी के साथ ओले गिरे। उमरिया में बारिश से खरीदी केंद्रों में रखा गेहूं भीग गया। डिंडौरी के मेहदवानी और शहपुरा क्षेत्र में भी तेज आंधी-बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### प्रदेश में हीट वेव 'लू' , 40 जिलों में गर्म हवा के थपेड़ों ने किया बेहाल , 4 दिन भीषण गर्मी का अलर्ट

इन दिनों पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों को छोड़कर पूरा मध्य प्रदेश हीट वेव यानी लू की चपेट में है। मौसम केंद्र, भोपाल ने अगले 4 दिन तक प्रदेश में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को करीब 40 जिलों में गर्म हवा चली। इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास में 15, 16 और 17 मई को तीव्र लू की चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने कहा कि दोपहर 12 से 3 बजे तक गर्मी का ज्यादा असर रहेगा। ऐसे में लोग जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकले। प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर बना है। शाजापुर और छतरपुर के नौगांव में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों शहर प्रदेश में सबसे गर्म रहे। वहीं, 9 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार रहा। शाजापुर-नौगांव के बाद खरगोन में पारा 44.6 डिग्री, खंडवा-रतलाम में 44.5 डिग्री, खजुराहो में 44.3 डिग्री, रायसेन-दमोह में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में सबसे ज्यादा 44 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। भोपाल में 43.4 डिग्री, जबलपुर में 43.3 डिग्री, इंदौर में 43 डिग्री और ग्वालियर में 41.8 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रहा।




## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा का सुसाइड

### घर में अकेली थी

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने शुक्रवार सुबह फांसी लगा लगी। घटना कजलीखेड़ा इलाके की है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रेम प्रसंग सहित अन्य एंगल पर जांच कर रही है। पोस्टमार्ट्म के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

**चार बहनों में सबसे बड़ी थी प्रियंका-** कजलीखेड़ा निवासी प्रियंका धोरे पिता घनश्याम धोरे (25) चार बहनों में सबसे बड़ी थी। घटना के समय वह घर में अकेली थी। पुलिस को उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# मध्यप्रदेश पुलिस की नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

## विगत 05 दिनों में प्रदेशभर में लगभग 1 करोड़ 43 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कार्यवाही के दौरान विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने विगत 5 दिनों में 1 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक के मादक पदार्थ, तस्करी में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री जब्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**शहडोल-** पुलिस द्वारा अवैध गांजा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 04 क्विंटल अवैध गांजा, 03 चारपहिया वाहन एवं 07 मोबाइल फोन सहित 75 लाख रूपए की संपत्ति जब्त कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**मंदसौर-** जिले में पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की है। थाना नाहरगढ़ पुलिस ने एक कार से 01 किलो अवैध एमडी ड्रग्स जब्त कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्यवाही में लगभग 30 लाख रुपये की संपत्ति जप?त की गई। वहीं थाना अफजलपुर पुलिस ने अवैध डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी को वाहन सहित गिरफ्तार कर लगभग 8 लाख 24 हजार रुपये की संपत्ति जप्त की है। दोनों कार्यवाहियों में लगभग 38 लाख 24 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति जप्त की है।



**रतलाम-** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए थाना रिंगनोद पुलिस ने एमडी ड्रग्स सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर 5 लाख 50 हजार रूपए की संपत्ति जब?त की है।वहीं थाना बरखेड़ा पुलिस ने 735 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक आरोपी एवं एक विधि विरूद्ध बालक को पकड़ा। दोनों कार्यवाहियों में पुलिस ने लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति जप्त की है।

**राजगढ़-** जिले में 'ऑपरेशन शुद्धि' के तहत कार्यवाही करते हुए थाना छापीहेड़ा पुलिस ने स्मैक एवं एक्टिवा स्कूटी सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 लाख 20 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है।वहीं बोडा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40.30 ग्राम अवैध स्मैक (5 लाख रूपए) जब्त किया।

**गुना-** जिले के मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान से स्मैक तस्करी कर रहे अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित लगभग 06 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**भोपाल-** थाना हनुमानगंज पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 37 ग्राम एमडी ड्रग्स (लगभग 04 लाख रुपये) जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**रीवा-** रीवा के थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए 608 शीशी कोडीन युक्त नशीली कफ सिरप जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जप्त कफ सिरप की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 22 हजार रुपये है।

जबलपुर- थाना संजीवनीनगर पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 03 किलो 110 ग्राम गांजा, मोबाइल फोन, एवं अन्य सामग्री सहित लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये की संपत्ति जब?त की है।

# देवास हादसा: प्रशासनिक भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण है जिम्मेदार: माकपा

भोपाल। देवास की पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट सिर्फ संयोग नहीं, बल्कि प्रशासनिक भ्रष्टाचार और उसे मिलने वाले राजनीतिक संरक्षण का नतीजा है, जिसकी सजा उन मजदूरों को अपनी जान गंवाकर भुगतनी पड़ी, जो पहले से ही श्रम कानूनों के उल्लंघन, रोजगार की असुरक्षा और न्यूनतम मजदूरी न मिलने से शोषण का शिकार हो रहे थे। कुछ साल पहले पेटलावद में हुए विस्फोट के बाद यह दूसरी घटना है, जब इस प्रकार के विस्फोटों में भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों का नाम सामने आया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि इस फैक्ट्री की स्थापना से लेकर विस्फोट तक भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण के लगातार प्रमाण मिलते हैं। पटवारी की ओर से दी गई रिपोर्ट में पास में घनी आबादी और पेट्रोल पंप होने का जिक्र कर संभावित हादसे की ओर इशारा किया गया था, लेकिन इसके बाद भी लाइसेंस जारी कर दिया गया। इतना ही नहीं, 23 दिसंबर 2025 को लाइसेंस की अवधि खत्म होने के बाद भी फैक्ट्री चलती रही। माकपा नेता ने कहा है कि इसी दौरान 14 मार्च को फैक्टरी में भीषण आग लगने के बाद भी प्रशासन नहीं चेता। इतना ही नहीं, घटना के दो दिन बाद 16 मार्च को कलमा गांव की सरपंच कविता गौड़ ने भी पेट्रोल पंप और आबादी का हवाला देकर इस कारखाने को बंद करने की मांग की थी। लेकिन इसके बाद भी 6 मई को लाइसेंस का नवीनीकरण कर दिया गया, जिससे साफ है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा था। जसविंदर सिंह ने कहा है कि इस भीषण हादसे से लगता है कि इस संवेदनशील कारखाने के समय-समय पर होने वाले निरीक्षण में भी सिर्फ खानापूरी की जा रही थी, क्योंकि न तो वहां सुरक्षा उपकरण थे और न ही आग बुझाने की व्यवस्था थी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि पेटलावद हादसे में 89 लोगों की मौत का जिम्मेदार भी आरएसएस से जुड़ा व्यक्ति था और देवास हादसे के लिए जिम्मेदार अनिल मालवीय की तस्वीरें भी भाजपा सांसद के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पार्टी की मांग है कि इस हादसे के जिम्मेदार अधिकारियों और फैक्ट्री मालिक पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही राजनीतिक संरक्षण वाले रिश्तों की भी जांच की जानी चाहिए। माकपा ने मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा और घायलों के संपूर्ण इलाज के साथ 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 84 माह का एरियर्स और सरकारी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति देने की मांग

**भोपाल।** एटक से सम्बद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन ने जबलपुर उच्च न्यायालय के आदेश के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को 84 माह का एरियर्स प्रदान करने की मांग की है।यूनियन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियमित सरकारी नौकरी स्थाई रूप से प्रदान किये जाने की भी मांग की है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका यूनियन की प्रांतीय महासचिव विभा पांडे ने शाकिर सदन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ' जबलपुर उच्च न्यायालय ने उनकी यूनियन द्वारा दायर एक याचिका पर प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को लंबित 84 माह का एरियर्स प्रदान करने का आदेश दिया है ।इस आदेश के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 1 लाख 25 हजार रुपए और प्रत्येक कार्यकर्ता को 63 हजार रुपए का एरियर्स प्रदान किया जाएगा।यूनियन ने मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि जबलपुर उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल कार्रवाई की जाए और लंबित एरियर्स प्रदान किया जाए। यूनियन ने मांग की है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियमित सरकारी नौकरी स्थाई रूप से प्रदान की जाए । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को जिला प्रशासन द्वारा किसी अन्य कार्य से सम्बद्ध नहीं किया जाए क्योंकि किसी अन्य कार्य से सम्बद्ध करने पर आंगनबाड़ी का नियमित कामकाज प्रभावित होता है।यूनियन ने प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को बेहतर गुणवत्ता का मोबाइल सरकार द्वारा प्रदान करने की भी मांग की है।



# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक-13/05/2026 को वृत्त- आंतरिक क्षेत्र क्र २ के प्रभारी उप निरीक्षक जया मुजाल्दे की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।**

आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार पर TCS चौराहा से एक दोपहिया वाहन नीले रंग की ज्यूपिटर क्रमांक-MP 09DM0958 को रोका गया जिसमे तलाशी लेने पर 2 प्लास्टिक के बोरे में कुल 100क्वार्टर देसी मदिरा प्लेन के बरामद हुए (कुल 18 बल्क लीटर) मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य 58000 रुपए है।

आरोपी राज पिता पंढरीनाथ सराटकर उम्र 21 वर्ष को पकड़ा गया जिनके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)' क' का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । आज की कार्यवाही में आरक्षक उस्मान मिर्जा ,राहुल जामोद और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा।

# क्या भारत में पेट्रोल-डीजल की कमी होने वाली है? सरकार ने दिया बड़ा अपडेट

## पेट्रोल-डीजल के दामों में कहां कितनी बढ़ोत्तरी



| शहर | पेट्रोल (₹/लीटर) | पेट्रोल बढ़ोतरी (₹) | डीजल (₹/लीटर) | डीजल बढ़ोतरी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 97.77 | +3.00 | 90.67 | +3.00 |
| कोलकाता | 108.74 | +3.29 | 95.13 | +3.11 |
| मुंबई | 106.68 | +3.14 | 93.14 | +3.11 |
| चेन्नई | 103.67 | +2.83 | 95.25 | +2.86 |

इंदौर। देशभर में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच आम जनता के मन में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या भारत में ईंधन संकट आने वाला है? क्या आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल की कमी हो सकती है? इन सभी सवालों पर अब केंद्र सरकार ने बड़ा बयान जारी किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री Hardeep Singh Puri ने स्पष्ट किया है कि देश में फिलहाल पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार और ऑयल कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन का भंडार मौजूद है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

सरकारी जानकारी के अनुसार भारत के पास वर्तमान में लगभग 60 दिनों तक चलने वाला कच्चे तेल (Crude Oil) का स्टॉक मौजूद है। वहीं रणनीतिक भंडार और तेल कंपनियों के स्टॉक को मिलाकर कुल लगभग 74 दिनों तक की ईंधन सुरक्षा उपलब्ध बताई जा रही है। LPG गैस का भी लगभग 45 दिनों का स्टॉक सुरक्षित रखा गया है। जानकारों के अनुसार भारत अपने रणनीतिक तेल भंडार (Strategic Petroleum Reserve) विशेष भूमिगत स्टोरेज में सुरक्षित रखता है। देश के प्रमुख तेल भंडारण केंद्रों में Visakhapatnam, Mangaluru और Padur शामिल हैं। इन स्थानों पर लाखों टन कच्चा तेल संग्रहित किया जाता है ताकि अंतरराष्ट्रीय संकट की स्थिति में भी देश में सप्लाई बनी रहे। हाल ही में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेष रूप से ईरान-इजराइल विवाद और Hormuz Strait क्षेत्र में अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। इसी के चलते भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 3 प्रति लीटर तक की वृद्धि की गई है। इंदौर सहित मध्य प्रदेश में इसका असर आम लोगों की जेब पर साफ दिखाई देने लगा है। ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से फल-सब्जी, दूध, किराया और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि सरकार का कहना है कि यह केवल वैश्विक परिस्थितियों का प्रभाव है और देश में ईंधन की उपलब्धता पूरी तरह सुरक्षित है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ईंधन का अनावश्यक उपयोग कम करें और आवश्यकता अनुसार ही वाहन चलाएं। वहीं तेल कंपनियों ने भी भरोसा दिलाया है कि देशभर में कहीं भी पेट्रोल-डीजल की सप्लाई बाधित नहीं होगी।

# इंदौर-उज्जैन के बीच बनेगा मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर,

इंदौर आधुनिक अस्पतालों के साथ योग, आयुर्वेद और नेचुरोपैथी को मिलेगा बढ़ावा, स्वास्थ्य और पर्यटन का बनेगा नया हब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल एक बड़े प्रोजेक्ट के तहत अब इंदौर और उज्जैन के बीच मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है।

करीब 2000 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं और वेलनेस टूरिज्म का बड़ा केंद्र बनाना है।




जानकारी के मुताबिक इस मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर में अत्याधुनिक अस्पताल, सुपर स्पेशियलिटी हेल्थ सेंटर, वेलनेस सेंटर और रिसर्च सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही योग, आयुर्वेद, पंचकर्म और नेचुरोपैथी जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार इंदौर और उज्जैन का भौगोलिक और धार्मिक महत्व इस परियोजना को खास बनाता है। एक ओर इंदौर आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं उज्जैन धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र है। ऐसे में दोनों शहरों को जोड़कर हेल्थ और स्पिरिचुअल टूरिज्म का नया मॉडल तैयार किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से देश-विदेश के मरीजों और पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रदेश में रोजगार और निवेश के नए अवसर भी पैदा होंगे। बताया जा रहा है कि प्रोजेक्ट के तहत निजी निवेशकों और हेल्थ सेक्टर की बड़ी कंपनियों को भी जोड़ा जाएगा। आने वाले समय में यह कॉरिडोर मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है।

# युवाओं में हृदय संबंधी समस्यायों के समाधान में सहायक है सहजयोग

आज का युवा आधुनिकता, प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ भरे जीवन के बीच बाहरी सफलता तो प्राप्त कर रहा है, लेकिन भीतर से तनाव, चिंता और असंतुलन का शिकार होता जा रहा है। यही मानसिक अशांति धीरे-धीरे शरीर पर प्रभाव डालती है और कम उम्र में ही हृदय संबंधी समस्याओं को जन्म देती है। बढ़ता रक्तचाप, अनियमित धड़कन, बेचैनी और तनाव आज युवाओं के जीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

### हृदय और मन का गहरा संबंध

आध्यात्मिक दृष्टि से हृदय केवल शरीर का अंग नहीं, बल्कि भावनाओं, प्रेम, करुणा और आत्मिक चेतना का केंद्र माना गया है। जब मन अशांत होता है, जीवन में भय, क्रोध, असुरक्षा और तनाव बढ़ते हैं, तब उसका सीधा प्रभाव हृदय पर पड़ता है। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को बाहरी सुखों के पीछे तो दौड़ाया, परंतु भीतर की शांति उससे दूर होती चली गई। सहजयोग का मूल संदेश है कि वास्तविक स्वास्थ्य तभी संभव है, जब मन, शरीर और आत्मा में संतुलन स्थापित हो। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा स्थापित सहजयोग व्यक्ति के भीतर स्थित सूक्ष्म ऊर्जा



शक्ति कुंडलिनी — के जागरण पर आधारित है। सहजयोग में ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की शांति, आनंद और चेतना को अनुभव करता है। जब मन शांत होता है, तब हृदय पर तनाव का बोझ कम होने लगता है। सहजयोग के अभ्यास से व्यक्ति भीतर से हल्का, संतुलित और आनंदित महसूस करता है।

## हृदय स्वास्थ्य में सहजयोग की आध्यात्मिक भूमिका

### 1. मानसिक तनाव से मुक्ति

सहजयोग ध्यान मन को वर्तमान में स्थिर करता है। इससे भविष्य की चिंता और अतीत का बोझ कम होता है। मन शांत होने पर हृदय भी सहज रूप से स्वस्थ रहने लगता है।

### 2. सकारात्मक भावनाओं का विकास

प्रेम, करुणा, क्षमा और संतोष जैसे गुण हृदय को हल्का बनाते हैं। सहजयोग इन भावनाओं को जागृत करने में सहायक माना जाता है।

### 3. जीवनशैली में संतुलन

जो व्यक्ति नियमित ध्यान करता है, वह धीरे-धीरे संयमित जीवन और सकारात्मक विचारों की ओर आकर्षित होने लगता है। यही संतुलन हृदय को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### 4. आत्मिक आनंद की प्राप्ति

सहजयोग का उद्देश्य केवल रोगों से राहत नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद की अनुभूति भी है। जब व्यक्ति भीतर से प्रसन्न होता है, तब उसका प्रभाव शरीर और हृदय दोनों पर दिखाई देता है तथा इसके परिणाम स्वरूप व्यक्ति मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक व आध्यात्मिक रूप से सक्षम व संतुलित हो जाता है।

### चिकित्सा और अध्यात्म का संतुलन

यह आवश्यक है कि हृदय संबंधी किसी भी समस्या में चिकित्सकीय सलाह अवश्य ली जाए। सहजयोग आधुनिक चिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि एक सहायक आध्यात्मिक पद्धति है जो ऋषियों व मनीषियों द्वारा स्थापित वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है, यह व्यक्ति को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। विश्वभर में लाखों साधकों ने सहजयोग में सूक्ष्म चक्रों, नाड़ियों तथा कुंडलिनी शक्ति के संतुलन द्वारा अनेक शारीरिक समस्याओं से निजात पाई है। यूं तो मनुष्य ने विज्ञान और तकनीक में बहुत प्रगति की है, लेकिन सच्ची शांति अब भी भीतर ही खोजी जाती है। कम उम्र में बढ़ती हृदय समस्याओं के बीच सहजयोग केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन और आत्मा को भी स्वस्थ बनाने का संदेश देता है। यही आंतरिक संतुलन स्वस्थ और सुखी जीवन की वास्तविक कुंजी है।

# झोन क्रमांक 11 पर नगर निगम की समस्याओं को लेकर घेराव किया



झोन क्रमांक 11 स्टेडियम पर आज नगर निगम की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे जी अमन बजाज जी के मनसा अनुसार अनुसार झोन का घिराव किया गया मुख्य रूप से मुद्दे रहे नर्मदा जल ट्यूबवेल की पाईप लाई का विस्तार टैंकरों का संचालन आदि समस्याओं को लेकर झोन का घेराव किया।

जिसमें मुख्य रूप से राधे बौरासी जी ब्लॉक उपाध्यक्ष नंदकिशोर कौशल जी वार्ड अध्यक्ष अमरदीप सिलावट जी मदन यादव जी लेखराज बौरासी जी संतोष बौरासी जी प्रेम धीमान जी अशोक धीमान जी महेश जैसवाल जी धर्मेन्द्र बौरासी जी जीतू यादव जी विशाल डोमिनिक जी करण धीमान जी लक्की जैसवाल राजा पाल जी आलोक भदौरिया भरत परमार जी गज्जू वर्मा जी बाबू कैथवास सरवन पहलवान जी इंदर पाल जी लेखु कैथवास जी राकेश सिलावट जी बसंत वर्मा अभिषेक बौरासी आकाश वर्मा कमलेश पाल राजदीप सिलावट जी दीपक कौशल ऋतिक सिलावट उमेश वर्मा गुड्डी बौरासी जी संध्या जी रेनू जयसवाल दुर्गा भेलिया माया धीमान नर्बद बोरासी जी ममता जैसवाल माया बौरासी रेणु बौरासीये आदि ने मौजूद रह कर अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा *कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक- 15/05/2026 वृत्त- देपालपुर में वृत- उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार एव टीम के द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।**

इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर काली बिल्लौद रोड पर चेकिंग दौरान काले रंग की पल्सर दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 09DZ8265 पर संजय पिता अमरसिंह निवासी इंदौर एवं सुनील पिता भंवरसिंग निवासी इंदौर के द्वारा अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए एक झोले में 24 नग बोल्ट बीयर केन के जप्त किए गये। दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश आबकारी अधि.1915 की धारा 34(१) क का प्रकरण पंजीबद्ध कर ,मौके पर ही जमानत मुचलके पर छोड़ा गया। जप्त मदिरा व वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 155000/- रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक सुश्री राशि सोलट , रवींद्र कुमार बघेल व सावन सिसोदिया का सराहनीय योगदान रहा ।

# पेमेंट अटका तो ठप पड़ा चंद्रभागा सड़क निर्माण, 20 लाख मिलते ही फिर जगी उम्मीद

**इंदौर।** शहर के चंद्रभागा क्षेत्र में चल रहा सड़क निर्माण कार्य भुगतान अटकने के कारण ठप पड़ गया था। ठेकेदार ने नगर निगम से बकाया राशि नहीं मिलने की बात कहते हुए काम रोक दिया, जिसके चलते क्षेत्रवासियों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब नगर निगम द्वारा ठेकेदार को 20 लाख रुपए का भुगतान किए जाने के बाद निर्माण कार्य दोबारा गति पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर निगम द्वारा चंद्रभागा के हनुमान मंदिर से लेकर कालातनुर्ह मस्जिद तक मुख्य सड़क का चौड़ीकरण और निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क चौड़ी करने के लिए निगम ने बड़ी संख्या में मकानों और दुकानों के आगे बने हिस्सों को हटाया था। शुरुआती दौर में काम तेजी से चला, लेकिन पिछले कई दिनों से निर्माण पूरी तरह बंद पड़ा था। काम रुकने से पन्थीगुलाना, चंद्रभागा, रावजी बाजार होते हुए राजबाड़ा और सराफा जाने वाला प्रमुख मार्ग प्रभावित हो गया है। क्षेत्र में धूल, गड्ढों और अधूरी सड़क के कारण लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक हाल ही में नगर निगम आयुक्त ने अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया



था। इस दौरान ठेकेदार ने अधिकारियों के सामने स्पष्ट कहा कि वह अपनी जेब से काफी पैसा लगा चुका है और भुगतान के बिना आगे काम कर पाना संभव नहीं है। इसके बाद निगम प्रशासन हरकत में आया और दो दिन पहले ठेकेदार को 20 लाख रुपए जारी किए गए। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि भुगतान मिलने के बाद निर्माण कार्य जल्द दोबारा शुरू होगा और अगले महीने तक सड़क का काम पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

**बारिश से पहले नाला निर्माण पूरा नहीं हुआ तो बढ़ेगी मुसीबत**– चंद्रभागा क्षेत्र में केवल सड़क ही नहीं, बल्कि पुराने नाले को तोड़कर नया नाला बनाने का काम भी पिछले डेढ़-दो साल से चल रहा है। कालातनुर्ह मस्जिद से लेकर चंद्रभागा तक कई हिस्सों में नाले का निर्माण अभी अधूरा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में इस इलाके में जलभराव की गंभीर समस्या बनती है। कई घरों और दुकानों में पानी भर जाता है तथा सड़कें बंद होने जैसी स्थिति बन जाती है। फिलहाल नए नाले का निर्माण केवल कुछ हिस्सों तक ही हो पाया है, जबकि अधिकांश भाग अब भी अधूरा है। क्षेत्रवासियों को चिंता है कि यदि बारिश से पहले सड़क और नाले का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो इस बार भी चंद्रभागा इलाके को जलभराव और यातायात अव्यवस्था की बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। शनि जयंती जैसे आयोजनों के दौरान भी अधूरे काम के कारण श्रद्धालुओं और नागरिकों को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा

## ब्रिक्स सम्मेलन से पहले इंदौर के बड़े चौराहों का होगा कायाकल्प

- **जाम और अव्यवस्था दूर करने ट्रैफिक पुलिस का एक्शन प्लान, 40 से ज्यादा चौराहे चिन्हित**



**इंदौर।** शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव और प्रमुख चौराहों पर लगने वाले जाम को देखते हुए यातायात पुलिस ने बड़े स्तर पर सुधार योजना तैयार की है। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले शहर के प्रमुख और वीआईपी रूट वाले चौराहों पर बाधाएं हटाने, लेफ्ट टर्न सुधारने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों को पत्र भी भेजे गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा शहर के चारों जोन के 40 से अधिक चौराहों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट में उन स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां बिजली के पोल, पेड़ों के ठूंठ, संकरे लेफ्ट टर्न, छोटे डिवाइडर और अतिक्रमण जैसी बाधाओं के कारण ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, सबसे पहले उन चौराहों पर काम किया जाएगा जो ब्रिक्स सम्मेलन के प्रस्तावित रूट में शामिल हैं। जोन-3 में सबसे अधिक 11 प्रमुख चौराहों को सुधार सूची में रखा गया है। इनमें नौलखा टैन, इंद्रपुरी हाउस, मधुमिलन, संगम सेतु, हुकुमचंद घंटाघर, पलासिया, नवलखा, जीपीओ, तीन इमली, नंदलालपुरा और राजमोहल्ला से धोबीघाट तक के क्षेत्र शामिल हैं। यहां लेफ्ट टर्न चौड़े करने, नए डिवाइडर बनाने, रोड चौड़ीकरण और बिजली पोल हटाने जैसे कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। हुकुमचंद घंटाघर चौराहे पर चारों दिशाओं में व्यवस्थित लेफ्ट टर्न विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा कई चौराहों पर नए ट्रैफिक्र सिग्नल लगाने की भी तैयारी की जा रही है ताकि ट्रैफिक का दबाव नियंत्रित किया जा सके।

**जोनवार प्रमुख चौराहे** –जोन-1 में कालानी नगर, बाणगंगा टी, किला मैदान ट्रेनिंग, महेश गार्ड लाइन और मरीमाता चौराहे शामिल किए गए हैं। जोन-2 में एलआईजी, रसोमा, एमआर-9, रोबोट चौराहा, रेडिसन, पिपल्याहाना और बंगाली चौराहा सूची में हैं। वहीं जोन-4 में भंवरकुआं, महूनाका, फूटी कोठी, अन्नपूर्णा और राजवंत रोड चौराहों को प्राथमिकता में रखा गया है, जहां पेड़ों के ठूंठ और बिजली पोल बड़ी बाधा बने हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान कई विदेशी मेहमान शहर के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों जैसे 56 दुकान, मंदिरों और राजवाड़ा का भ्रमण करेंगे। इसी कारण इन रूटों पर आने वाले चौराहों को प्राथमिकता से संवारा जाएगा ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर और व्यवस्थित दिखाई दे

## नदी शुद्धिकरण की खुदाई मुक्तिधाम की दीवार तक पहुंची, ध्वस्त होने का खतरा

### नालों का गहरीकरण जारी, अब तक 30 क्यूबिक मीटर मिट्टी निकाली, किसानों को निःशुल्क उपलब्ध भी करवाई

**इंदौर।** शहर में नदी शुद्धिकरण और नालों के गहरीकरण का अभियान लगातार जारी है। नगर पालिक निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में नदी और नालों से गाद, मिट्टी और कचरा हटाने का काम किया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर यह काम अब चिंता का कारण भी बनने लगा है। एक क्षेत्र में नदी की खुदाई मुक्तिधाम की सुरक्षा दीवार तक पहुंच गई है, जिससे दीवार के कमजोर होकर ध्वस्त होने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसे लेकर चिंता जताई है और निगम से तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। निगम द्वारा शहर की नदियों और नालों को गहरा करने के लिए



लगातार मशीनों से खुदाई करवाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार अब तक करीब 30 क्यूबिक मीटर से अधिक मिट्टी और गाद निकाली जा चुकी है। निकाली गई मिट्टी को आसपास के किसानों को निःशुल्क उपलब्ध भी कराया जा रहा है, ताकि उसका उपयोग खेतों में किया जा सके। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि खुदाई के दौरान कई जगह सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। मुक्तिधाम की दीवार के बिल्कुल पास तक मिट्टी हट जाने से उसकी नींव कमजोर पड़ सकती है। बारिश के दौरान जलभराव या मिट्टी धंसने की स्थिति में दीवार गिरने का खतरा और बढ़ सकता है। निगम अधिकारियों का कहना है कि नदी शुद्धिकरण का कार्य शहर को जलभराव और प्रदूषण से राहत दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

जहां भी संरचनात्मक खतरे की स्थिति बनेगी, वहां तकनीकी टीम से निरीक्षण करवाकर आवश्यक सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। शहर में मानसून पूर्व चल रहे इस अभियान के तहत नालों की सफाई, गहरीकरण और जल निकासी व्यवस्था को सुधारने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि बारिश के समय जलभराव की समस्या कम हो सके।

## धार भोजशाला मामले पर आरिफ मसूद ने जताई असहमति

**इंदौर/भोपाल।** कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने धार भोजशाला मामले में आए कोर्ट के फैसले पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा कोर्ट में गलत तथ्य प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर यह निर्णय आया है। मसूद का कहना है कि मामले की पूरी सच्चाई और ऐतिहासिक तथ्यों को सही तरीके से सामने नहीं रखा गया, इसलिए वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। आरिफ मसूद ने कहा कि जब तक इस मामले में अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक मुस्लिम समुदाय को भोजशाला परिसर में नमाज अदा करने से नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला आस्था और संवेदनशीलता से जुड़ा हुआ है, इसलिए सभी पक्षों को धैर्य और समझदारी से काम लेना चाहिए।



उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोर्ट के फैसले को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों या तनावपूर्ण माहौल से बचें। मसूद ने कहा कि सभी नागरिक कानून का सम्मान करें, शांति बनाए रखें और संयम बरतें। उन्होंने भरोसा जताया कि न्यायपालिका के माध्यम से उन्हें न्याय मिलेगा और सुप्रीम कोर्ट में उनकी बात मजबूती से रखी जाएगी।

## भीषण गर्मी में इंदौर की बिजली मांग 700 मेगावाट पार

**इंदौर।** शहर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और उमस का असर अब बिजली खपत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंचने के साथ ही इंदौर में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर तक जा पहुंची है। घरों, दुकानों, दफ्तरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में एसी, कूलर और पंखों के लगातार उपयोग के चलते बिजली की खपत तेजी से बढ़ रही है। हालात ऐसे हैं कि पंखे और कूलर लगातार चलने के बावजूद लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही और उमस के कारण पसीने छूट रहे हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार मंगलवार को शहर में अधिकतम बिजली मांग 685 मेगावाट दर्ज की गई थी, जबकि इस दौरान करीब 1 करोड़ 53 लाख यूनिट बिजली का वितरण किया गया। वहीं बुधवार को बिजली मांग ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 707 मेगावाट का आंकड़ा छू लिया। इस दिन भी खपत करीब डेढ़ करोड़ यूनिट के आसपास रही। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद बिजली आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार मैदान में काम कर रहे हैं। तकनीकी खराबी आने पर कर्मचारी तेज धूप और गर्मी के बीच पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके। उन्होंने बताया कि ग्रिड और बिजली उपकरणों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कई ग्रिडों पर इनबिल्ट कूलिंग सिस्टम के साथ अतिरिक्त पंखे, जंबो कूलर और सामान्य कूलर लगाए गए हैं। वहीं अर्थिंग सिस्टम को ठंडा रखने के लिए बोरिंग और टैंकरों के माध्यम से पानी डाला जा रहा है। ट्रांसफार्मरों की अर्थिंग में भी लगातार नमी बनाए रखी जा रही है ताकि ओवरहीटिंग की समस्या न हो और बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो।

# सोने-चांदी पर बढ़ी इंपोर्ट ड्यूटी, ज्वेलरी उद्योग की बढ़ेंगी मुश्किलें

### इंदौर में सोना 5600 और चांदी 12 हजार रुपए महंगी, बाजार में हलचल तेज

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद केंद्र सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर दी है। सरकार के इस फैसले से देशभर के ज्वेलरी उद्योग और सराफा कारोबारियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इंदौर सराफा बाजार में इसका असर तुरंत दिखाई दिया, जहां सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। सरकार ने सोना और चांदी पर आयात शुल्क 5 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी कर दिया है, जबकि सेस 1 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी किया गया है। पहले कुल 6 फीसदी ड्यूटी लगती थी, जो अब बढ़कर 15 फीसदी हो गई है। यानी आयात पर कुल 9 फीसदी अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। ड्यूटी बढ़ने के बाद शुक्रवार को इंदौर सराफा बाजार में सोना केडबरी 5600 रुपए उछलकर 1 लाख 57 हजार रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। वहीं चांदी चौरसा में 12 हजार रुपए की तेजी आई और भाव 2 लाख 69 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए। बढ़ते दामों के बावजूद बाजार में ग्राहकों की रुचि बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बुलियन बाजार में हालांकि सोना कमजोर रहा। कॉमैक्स पर सोना वायदा करीब 10 डॉलर गिरकर 4690 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया, जबकि चांदी वायदा 249 सेंट की तेजी के साथ 86.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। सराफा व्यवसायी नीलेश सराफ के अनुसार केंद्र सरकार ने यह कदम बढ़ते राजकोषीय घाटे, भारतीय रुपए के अवमूल्यन और सोने के बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया है। भारत के कुल आयात बिल का लगभग 9 फीसदी हिस्सा केवल सोने का होता है। हालांकि इस वर्ष आयात की मात्रा में कुछ कमी आई है, लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण आयात बिल लगातार बढ़ रहा है और अधिक डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील और आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी का सीधा नकारात्मक असर बुलियन एवं आभूषण उद्योग पर पड़ेगा। आने वाले दो वर्ष ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गए हैं, जिससे पेट्रोल-डीजल महंगे हो रहे हैं। परिवहन और माल ढुलाई लागत बढ़ने से महंगाई में और तेजी आने के संकेत मिल रहे हैं। सराफा कारोबारियों का कहना है कि सोने और चांदी की आयात ड्यूटी में वृद्धि फिलहाल सिर्फ शुरुआत है और आने वाले समय में आम उपभोक्ताओं पर इसका असर और अधिक दिखाई दे सकता है।

# आईडीए बोर्ड बैठक में कई बड़े फैसले

## तुलसी नगर से वसुंधरा तक 6 लेन रोड बनेगी, ISBT संचालन BVG इंडिया को, EPC से होंगे भूखंड विकसित

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक गुरुवार 15 मई को संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। तुलसी नगर पुलिया से योजना-134 स्थित वसुंधरा कॉम्पलेक्स तक 30 मीटर मास्टर प्लान रोड को 4 लेन की बजाय 6 लेन बनाने की स्वीकृति दी गई। इस कार्य पर लगभग 70 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। बैठक में कुमेडी स्थित आईएसबीटी के संचालन और रखरखाव के लिए बीवीजी इंडिया लिमिटेड की निविदा स्वीकृत की गई। इससे आईएसबीटी के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। आईडीए ने अपनी विभिन्न योजनाओं के लोकल शॉप, रकम कन्वीनिएंट शॉप सहित अन्य भूखंडों का विकास ईपीसी मोड पर कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए 60.98




करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही पीपीपी पद्धति से निर्माण कार्यों के लिए कंसल्टेंट-कम-ट्रांजेक्शन एडवाइजर की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई। ग्राम मोरोद में 125 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित मंडी का निर्माण मंडी विभाग स्वयं करेगा, जिस पर आईडीए ने सहमति दे दी है। वहीं उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान के बढ़े हुए क्षेत्रफल के अनुसार कंसल्टेंट को भुगतान की स्वीकृति भी प्रदान की गई। आईडीए के सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तुलसी नगर से योजना-134 तक 6 लेन सड़क बनाई जाएगी। आईएसबीटी संचालन के लिए बीवीजी इंडिया का चयन किया गया है तथा ईपीसी मोड पर 60.98 करोड़ रुपए की लागत से भूखंड विकसित किए जाएंगे। बैठक में योजना-71, 74-सी, 78, 97, 114, 134, 136, 151 और 159 सहित विभिन्न योजनाओं के आवासीय, शैक्षणिक, व्यावसायिक और औद्योगिक भूखंडों की न्यूनतम दरें भी तय की गईं, जिससे इन संपत्तियों को व्ययन के लिए उपलब्ध कराया जा सकेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत योजना-97 भाग-4 रेती मंडी क्षेत्र के पास विद्युत ग्रिड के लिए मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को अतिरिक्त 1.6 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई। इससे राऊ, बायपास और पश्चिमी क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। बैठक में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता योगेंद्र कुमार, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता राजेशचंद्र जैन सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# HC के फैसले पर सियासत तेज: ओवैसी ने बाबरी फैसले से की तुलना

**इंदौर/धार।** इंदौर हाईकोर्ट द्वारा धार स्थित भोजशाला परिसर को मंदिर घोषित किए जाने के फैसले के बाद सियासी प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस फैसले में बाबरी मस्जिद मामले जैसी समानताएं नजर आती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में हस्तक्षेप करेगा और हाईकोर्ट के आदेश की समीक्षा करेगा। इंदौर बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई पूरी करते हुए भोजशाला परिसर को मंदिर माना और हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ की अनुमति दे दी। साथ ही परिसर में नमाज अदा करने पर रोक लगा दी गई है। अदालत ने अपना निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर सुनाया। फैसले के बाद धार और इंदौर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। हिंदू पक्ष ने निर्णय का स्वागत किया है, जबकि मुस्लिम पक्ष ने असहमति



जताई है।

**ओवैसी ने क्या कहा?-** ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुस्लिम पक्ष इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा। उनका कहना है कि न्याय की उम्मीद अब शीर्ष अदालत से है। मुस्लिम पक्ष के वकील अरसद वारसी ने कहा कि वे हाईकोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं और इसकी प्रमाणित प्रति मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। उन्होंने बताया कि अदालत ने एएसआई की रिपोर्ट को आधार मानकर निर्णय दिया है। दरअसल, धार स्थित भोजशाला परिसर को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। हिंदू पक्ष इसे मां वाग्देवी का प्राचीन मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद बताता है। अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट में जाने की तैयारी है, जिससे आने वाले दिनों में इस विवाद पर कानूनी लड़ाई और तेज होने के आसार हैं।

## शांतिपूर्ण रहा शुक्रवार, शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई नमाज

**भोपाल।** शहर काजी, जनप्रतिनिधियों एवं धार्मिक गुरुओं की अपील के बाद शुक्रवार को शहर का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा की, जबकि कहीं भी किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन या विरोध देखने को नहीं मिला। सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड में मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पीर गेट और इमामी गेट क्षेत्र में कुछ समय के लिए बैरिकेड्स लगाकर सड़क मार्ग सील किया गया। सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों पर मोर्चा संभाला। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस कमिश्नर ने एडवाइजरी जारी कर स्पष्ट कहा है कि किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। शहर में अधिकांश स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं और गड़बड़ी करने वाले किसी भी वर्ग के लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने 3 वर्षीय गुमशुदा बालक को 2 घंटे में खोजकर परिजनों से मिलाया



इंदौर पुलिस ने थाना रावजी बाजार क्षेत्र से गुम हुए 3 वर्षीय मासूम बालक को महज 2 घंटे के भीतर सकुशल खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर अपहृत एवं गुमशुदा बच्चों के मामलों में त्वरित कार्रवाई के तहत पुलिस उपायुक्त सुनील मेहता के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। जानकारी के अनुसार बालक 13 मई की शाम कलालकुई मस्जिद के पीछे स्थित अपने घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना रावजी बाजार पुलिस ने तत्काल तीन टीमें बनाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले, आसपास पूछताछ की और बच्चे का फोटो सोशल मीडिया व व्हाट्सएप पर प्रसारित किया। पुलिस ने आसपास के शैडो और सुनसान क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग अभियान चलाया, जिसके बाद बच्चे को करीब दो घंटे में जबरन कॉलोनी रोड क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने इंदौर पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना कर पूरी टीम का आभार जताया।

## 1.115 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लसूडिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.115 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। पुलिस को 14 मई 2026 की रात करीब 11:45 बजे न्यू लोहा मंडी, देवास नाका क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू राय (28) निवासी राहुल गांधी नगर, इंदौर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद थैली से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने करीब 15 हजार रुपए कीमत का गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना लसूडिया में अपराध क्रमांक 732/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा अपने साथी संबित मस्ताने (32) निवासी स्कीम नंबर-78, इंदौर के साथ बाईग्राम क्षेत्र से लाया था। इसके आधार पर पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है तथा गांजा सप्लाई के स्रोत के संबंध में पूछताछ जारी है।

## थाना अन्नपूर्णा पुलिस ने 24 घंटे में तीन नाबालिग बालिकाओं को उज्जैन से सकुशल किया दस्तयाब

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अन्नपूर्णा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र से 14 मई 2026 को लापता हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर उज्जैन से सकुशल दस्तयाब कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी हितगोपाल यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने लगातार सर्चिंग, पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज की जांच और तकनीकी विश्लेषण के साथ मुखबिर तंत्र की मदद से बालिकाओं का पता लगाया। दस्तयाब करने के बाद तीनों बालिकाओं को इंदौर लाकर नियमानुसार मेडिकल परीक्षण और महिला अधिकारी के समक्ष काउंसलिंग कराई गई। न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। पॉक्सो एक्ट के तहत बालिकाओं की पहचान गोपनीय रखी गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बच्चों से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 या नजदीकी थाने को दें।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देने वाले मामले में तकनीकी मास्टरमाइंड रोहित बर्रा गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारियों और व्यवसायियों को धमकी देने वाले मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गैंग को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने वाले आरोपी नाना उर्फ रोहित बर्रा (26) निवासी महीदपुर, जिला उज्जैन को हिरासत में लिया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम लगातार इस मामले में कार्रवाई कर रही है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी राजपाल चंद्रावत निवासी नागदा से पूछताछ में मिली जानकारी और साइबर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर रोहित बर्रा को पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गैंग को तकनीकी सहायता देता था तथा विभिन्न मोबाइल नंबरों और डिजिटल माध्यमों का उपयोग धमकी भरे कॉल करने में किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि सचिन उर्फ वेद प्रकाश शर्मा भी उसकी गतिविधियों में शामिल था। पुलिस आरोपी के डिजिटल प्लेटफॉर्म और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की विस्तृत जांच कर रही है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में थाना अपराध शाखा इंदौर में अपराध क्रमांक 48/2026 एवं 50/2026 के तहत धारा 308(5) और 351(4) बीएनएस में प्रकरण दर्ज है। इससे पहले सोनू उर्फ रितेश खंगार सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सगाई के एक माह बाद युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर।** आजाद नगर क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगा ली। घटना के एक दिन पहले मंगेतर उससे मिलने आई थी। करीब एक माह पहले ही उसकी सगाई हुई थी। पुलिस कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम प्रथम पिता किशोर(20)निवासी मुसाखेड़ी है। वह निजी कंपनी में काम करता था। घटना के वक्त प्रथम घर में अकेला था। जबकि पिता और भाई शादी समारोह में शामिल होने शिवपुरी गए हुए थे और मां अस्पताल में नर्स ड्यूटी पर गई थीं। बताया जा रहा है कि युवक की एक माह पहले सगाई हुई थी। कल उसकी मंगेतर मिलने घर आई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## बाउंड्रीवॉल के 50 खंभे तोड़े धमकाकर मांगे 20 लाख

आईपीएल का गणित

# मुंबई ने पंजाब का खेल बिगाड़ा

● प्लेऑफ के लिए दोनों मैच जीतने होंगे; चेन्नई के लिए हर मुकाबला करो या मरो जैसा



**धर्मशाला (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में 58 मैच पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ की रेस रोमांचक बना दी। हार के बाद पंजाब चौथे स्थान पर है। टीम के 12 मैचों में 13 पॉइंट्स हैं और प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे बचे दोनों मैच जीतने होंगे। दूसरी ओर मुंबई पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन उसने पंजाब का समीकरण बिगाड़ दिया। मुंबई के 12 मैचों में 8 पॉइंट्स हैं और टीम नौवें स्थान पर है। इकाना स्टेडियम में आज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जीत जरूरी है। टीम का सामना टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी लखनऊ से होगा।

### पंजाब लगातार 5वां मैच हारी

पंजाब किंग्स लगातार पांचवीं हार के बाद मुश्किल में पड़ गई है। टीम ने सीजन की शुरुआत 6 जीत से की थी। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उसे अब दोनों मुकाबले जीतने होंगे। पंजाब के अगले मैच बेंगलुरु और लखनऊ से हैं। मुंबई इंडियंस ने सीजन की चौथी जीत दर्ज की। टीम के अगले मुकाबले कोलकाता और राजस्थान से हैं।

●**चेन्नई के लिए हर मैच अहम-** चेन्नई सुपर किंग्स आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी। टीम लगातार 3 मैच जीतकर पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। चेन्नई के 11 मैचों में 12 पॉइंट्स हैं। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए सीएसके को अपने तीनों मैच जीतने होंगे। टीम के मुकाबले लखनऊ, हैदराबाद और गुजरात से हैं। अगला मैच हारने पर उसकी राह मुश्किल हो जाएगी।

●**हैदराबाद तीसरे स्थान पर पहुंची-** पंजाब की हार का फायदा सनराइजर्स हैदराबाद को मिला है। टीम 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रनरेट +0.331 है। हैदराबाद को अब चेन्नई और बेंगलुरु से खेलना है। प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की करने के लिए टीम को कम से कम एक जीत चाहिए।

●**बेंगलुरु-गुजरात मजबूत स्थिति में-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस 16-16 पॉइंट्स के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं। दोनों टीमों का प्लेऑफ खेलना लगभग तय माना जा रहा है। टीमों को अब एक-एक जीत की जरूरत है। आरसीबी का नेट रनरेट (+1.053) लीग में सबसे बेहतर है। बेंगलुरु के मुकाबले पंजाब और हैदराबाद से हैं, जबकि गुजरात को कोलकाता और चेन्नई से खेलना है।

●**राजस्थान अब भी रेस में-** राजस्थान रॉयल्स 12 पॉइंट्स के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हालांकि टीम पिछले 7 में से 5 मुकाबले हार चुकी है। राजस्थान को अब दिल्ली, लखनऊ और मुंबई से खेलना है। टॉप-4 में पहुंचने के लिए उसे तीनों मैच जीतने होंगे।

### पंजाब लगातार 5वां मैच हारी, मुंबई 6 विकेट से जीती

#### तिलक ने नाबाद 75 रन

मुंबई इंडियंस ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 15 रन चाहिए थे, जिसे उसने 1 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। जीत के हीरो तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए। पंजाब की यह लगातार 5वीं हार रही। गुरुवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

## मुंबई के कोच पोलार्ड की 15 प्रतिशत मैच फीस काटी

● एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, फोर्थ अंपायर को अपशब्द कहे थे

**धर्मशाला (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैच रेफरी ने उन पर मैच फीस का 15त्न जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा। 39 साल के दिग्गज बल्लेबाज ने गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच में फोर्थ अंपायर से बहस की। उन पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे। इस मैच को मुंबई ने 6 विकेट से जीता।तिलक वर्मा ने मुंबई की ओर से 33 गेंदों में नाबाद 75 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।



**फोर्थ अंपायर से मैच के दौरान बहस की-** मुंबई इंडियंस की पारी के 19वें ओवर में चौथे अंपायर से बहस के दौरान पोलार्ड ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। मैच रेफरी पंकज धरमानी ने इसे आईपीएल आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन माना। पोलार्ड पर कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 के तहत आरोप लगाए गए, जो मैच के दौरान अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। मैच के बाद सुनवाई में पोलार्ड ने गलती स्वीकार कर ली। उन्होंने मैच जुर्माना और प्रतिबंध मंजूर कर लिया। लेवल 1 का अपराध स्वीकार करने के बाद आईपीएल नियमों के मुताबिक अब औपचारिक सुनवाई नहीं होगी। पोलार्ड के खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जुड़ गया। आईपीएल नियमों के अनुसार तय समय सीमा में 4 या उससे अधिक डिमेरिट पॉइंट होने पर खिलाड़ी या कोच पर एक या अधिक मैचों का सस्पेंशन लगाया जा सकता है। यह पोलार्ड के लिए चेतावनी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

बॉक्सर साक्षी चौधरी को कॉमनवेल्थ और

## एशियन गेम्स का टिकट

● सिलेक्शन ट्रायल के फाइनल में मीनाक्षी को हराया, निखत जरीन को भी मात दी

**पटियाला (एजेंसी)।** हरियाणा की मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स का टिकट हासिल कर लिया है। उन्होंने शुक्रवार को पटियाला में चल रहे सिलेक्शन ट्रायल्स के फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्?डा को 5-0 से हराया।

सर्विसेस से खेल रही साक्षी ने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट निखत जरीन को 51 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में 4-1 से हराया था। वहीं, 48 किग्रा वर्ग की मीनाक्षी ने नीतू घंघास को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 2026 के कॉमनवेल्थ गेम्स जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होंगे। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियन गेम्स का आयोजन होगा।

**प्रीति पवार सहित 4 महिला बॉक्सर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई-** महिला वर्ग में प्रीत पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच ने भी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए जगह पक्की कर ली है। बाकी चार वेट कैटेगरी - 55 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा और +90 किग्रा के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।

### जीतने वाले मुक्केबाज चेकिया में कैंप में जाएंगे

जीतने वाले मुक्केबाज कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी के लिए चेकिया में लगने वाले एक्सपोजर कैंप में जाएंगे। वहीं, दूसरे स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज जून में चीन में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगे। बॉक्सिंग वर्ल्ड कप सीरीज-2 का आयोजन 15 से 20 जून तक चीन में किया जाएगा।



**ट्रेडिशनल ट्रायल सिस्टम लौटा, प्लेयर्स की दो राय-** बीएफआई ने एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले बॉक्सर्स को कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई माना था। जिन वेट कैटेगरी के बॉक्सर फाइनल में नहीं पहुंचे थे, उनका चयन प्रदर्शन के अंकों के आधार पर होना था। हालांकि, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इन वेट कैटेगरी के लिए ओपन ट्रायल्स से सीडब्ल्यूजी और वर्ल्ड कप खिलाड़ियों के चयन के निर्देश दिए।

### प्रमुख नतीजे

- 3 बार के वर्ल्ड कप मेडलिस्ट हितेश गुलिया को 70 किग्रा वर्ग में सुमित के हाथों हार झेलनी पड़ी।
- एशियाड की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट परवीन हुड्डा ने अंकुशिता बोरो को हराया अपनी दावेदारी मजबूत की।
- अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी को 80 किग्रा वर्ग में नैना ने मात दी।
- 65 किग्रा वर्ग में ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने पूजा को 7-0 से हराया।

# इंदौर में अब सड़क पर कुत्ते की गंदगी पड़ेगी भारी, मालिक से वसूला जाएगा 5000 रुपए जुर्माना




इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में अब सार्वजनिक स्थानों पर पालतू कुत्तों की गंदगी फैलाना महंगा पड़ सकता है। नगर निगम ने स्वच्छता व्यवस्था को और सख्त करते हुए बड़ा फैसला लिया है। अब यदि कोई व्यक्ति अपने पालतू कुत्ते को सड़क, पार्क या अन्य सार्वजनिक जगहों पर घुमाने के दौरान गंदगी फैलाने देता है और उसकी सफाई नहीं करता, तो उस पर 5000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। दरअसल, शहर के कई इलाकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि लोग अपने पालतू जानवरों को घुमाने तो लाते हैं, लेकिन उनके द्वारा फैलाई गई गंदगी को साफ नहीं करते। इससे सड़कों, गार्डनों और कॉलोनियों में गंदगी बढ़ रही थी और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर निगम अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

गुरुवार को महापौर Pushyamitra Bhargav ने जोन 14, 15 और 16 में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान कई लोग अपने पालतू कुत्तों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर घूमते दिखाई दिए। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कई मालिक अपने पालतू जानवरों द्वारा की गई गंदगी की सफाई नहीं कर रहे थे। इस पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की गंदगी केवल शहर की सुंदरता ही खराब नहीं करती, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती है। सुबह-शाम टहलने वाले लोग, बच्चे और बुजुर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। निगम का मानना है कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए नागरिकों की जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है।

महापौर Pushyamitra Bhargav ने कहा कि इंदौर ने पूरे देश में स्वच्छता की मिसाल कायम की है और इस पहचान को बनाए रखने के लिए हर नागरिक को जिम्मेदार व्यवहार करना होगा।

## ऑफिस की बिल्डिंग से कूदकर महिला ने दी जान, भाई बोला- पूरी सैलरी हड़प लेता था पति

नई दिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां सेक्टर-65 में एक प्राइवेट कंपनी की सीनियर अकाउंट एग्जीक्यूटिव ने ऑफिस की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। महिला के परिवार ने आरोप लगाया है कि पति द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न ने उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया। पुलिस के अनुसार, सेक्टर 65 थाने में मृतका के पति और ससुराल वालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद पुलिस ने मेरठ निवासी पति अमित सिंघल को गिरफ्तार कर लिया, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से देहरादून की रहने वाली मृतका जागृति बारी सिंघल, कंपनी में करीब 12 लाख रुपये सालाना के पैकेज पर काम कर रही थी। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 2 बजे जागृति वर्ल्डमार्क बिल्डिंग स्थित अपने ऑफिस की पांचवीं मंजिल पर थी और मोबाइल फोन पर बात करते समय उसने अचानक वहां से छलांग लगा दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




